शिक्षक संघों का धरना व प्रदर्शन, वेतन नियमितीकरण सहित मांगों का समाधान मांगा

जालोर में शिक्षक संघ प्रगतिशील का धरना प्रदर्शन जारी रहा। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर में शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने डी.ई.ओ. को ज्ञापन सौंपा। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ (प्रगतिशील) जालोर की ओर से शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं के निराकरण को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा) जालौर कार्यालय के समक्ष मंगलवार को छठे दिन धरना एवं प्रदर्शन जारी रहा।

संगठन के मुख्य महामंत्री पूनमचंद बिश्नोई के अनुसार शिक्षक भर्ती 2021 जिनका पदस्थापन 2022 में हुआ एवं उन शिक्षकों का परिवीक्षा काल माह मई 2024 में पूर्ण हो चुका है अभी तक उन शिक्षकों का वेतन नियमितीकरण एवं स्थाईकरण नहीं किया गया है। जिससे दोनों जिलों के सैकडो शिक्षको को पूरा वेतन नहीं मिल रहा है। जिसके कारण शिक्षकों में भारी आक्रोश व्याप्त है, आज के धरने में ब्लॉक सरनाऊ के ब्लॉक अध्यक्ष पूनमाराम मांजू के नेतृत्व में डीईईओ कार्यालय के समक्ष धरना दिया गया, इस धरने व प्रदर्शन के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के सांचौर जिला अध्यक्ष रामनिवास साहू ने जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा) जालौर की निष्क्रियता, हठधर्मिता एवं कार्य के प्रति उदासीनता व लापरवाही के कारण दोनों जिलों के सैकडों शिक्षक इससे प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने प्रशासन व शिक्षा विभाग को चेतावनी दी,कि इस वाजिब समस्या का समाधान नहीं किया गया तो संगठन आगामी दिनों में कार्यालय का घेराव, रैली एवं अनशन करेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शिक्षा विभाग के अधिकारियों की रहेगी,धरने एवं प्रदर्शन के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के जालौर जिला अध्यक्ष लुंबाराम चौधरी ने जिला प्रशासन से इस समस्या के निराकरण के लिए अपने स्तर से प्रयास करने का आव्हान व आग्रह किया। संगठन द्वारा आज शासन सचिव स्कूल शिक्षा राजस्थान सरकार को ज्ञापन भेजा गया,जिसमें 15 अक्टूबर से अनवरत संगठन के धरने प्रदर्शन के बावजूद जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जानबूझकर वाजिब समस्या का समाधान नहीं करने से आम शिक्षकों में सरकार के प्रति निराशा का भाव पैदा हो रहा है, ज्ञापन के माध्यम से समस्या के समाधान करने का अनुरोध सरकार से किया, संगठन ने राज्य सरकार,जिला प्रशासन एवं विभागीय अधिकारियों को आगाह किया है कि तृतीय श्रेणी शिक्षकों की वेतन नियमितीकरण दीपावली से पहले नहीं किए गए तो संगठन बहुत बडा आंदोलन करेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा) जालोर की रहेगी।

धरने व प्रदर्शन में मुख्यमहामंत्री पूनमचंद बिश्नोई, जिलाध्यक्ष रामनिवास साऊ,जवाराराम मेघवाल, राजेंद्र कुमार कडवासरा, किशनलाल पूनिया, राजूराम गोदारा, भंवरलाल कांवा,रमेश कुमार, प्रकाश गोदारा, कांतिलाल कालमा,मालाराम चौधरी, बाबूलाल सारण, महेंद्र सियाग, एलची मैडम सहित कई शिक्षक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

वहीं राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रिय जिला शाखा जालोर व सांचोर में सामूहिक रूप से जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक भेराराम चौधरी से वार्ता कर शिक्षकों के बकाया वेतन नियमितिकरण परीविक्षकाल समाप्ति पर शाला दर्पण पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन भेजे जा चुके हैं। उन शिक्षकों के आदेश की मांग की गई।

अन्य लंबित प्रकरणों के निस्तारण के संबंध में वार्ता के संबंध में जिला मंत्री कपूरसिंह राजपुरोहित ने बताया कि सांचोर एवं जालोर के जिन शिक्षकों के दो वर्ष का परिवीक्षाकाल समाप्त हो चुका है तथा शाला दर्पण पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कार्यालय को भिजवाया जा चुके हैं। उन शिक्षकों के वेतन नियमितीकरण के आदेश की मांग की गई। जालौर जिला अध्यक्ष हीरसिंह राठौड सिराना तथा सांचौर जिला अध्यक्ष हरिकिशन चौधरी के नेतृत्व में शिक्षक प्रतिनिधि ने नियमितीकरण के साथ ग्रीष्मावकाश पूर्व नियुक्ति के न्यायालय निर्णय की पालन में आदेश की मांग रखी।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष शैतानसिंह राव, पूर्व अध्यक्ष शैतानसिंह राजपुरोहित, जिला मंत्री कपूरसिंह राजपुरोहित, सांचौर जिला मंत्री धर्मदान चारण, जालोर उपशाखा अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गणपतसिंह मंडलावत सहित शिक्षक मौजूद रहे।

सार-समाचार

एक को नागरिकता व छह स्वीकृति जारी

बाड़मेर, (नि.सं.)। बाड़मेर जिले में स्थाई वास के आधार पर निवास कर रहे अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों के लंबित नागरिकता के आवेदनों के निस्तारण एवं भारतीय नागरिकता प्रदान करने के लिए सोमवार को जिला मुख्यालय पर पंचायत समिति बाड़मेर के सभागार में आयोजित शिविर में पाक विस्थापित पृथ्वीराज को भारतीय नागरिकता प्रमाण पत्र जारी किया गया। अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेन्द्रसिंह चांदावत ने बताया कि नागरिकता शिविर के दौरान गृह विभाग के निर्देशों की पालना में जिला कलैक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट टीना डाबी के निर्देशानुसार बाड़मेर जिले में स्थाई वास के आधार पर निवास कर रहे अफगानिस्तान, बांग्लादेश एवं पाकिस्तान के अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्य यथा हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी एवं इसाई के भारतीय नागरिकता के लंबित आवेदनों के निस्तारण करते हुए जोल कंवर, हवा कंवर, नेपालसिंह, प्रेमसिंह, सवाईसिंह, सरूपसिंह को भारतीय नागरिकता के लिए स्वीकृति पत्र जारी किए गए। उन्होनें बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीआईडी एवं विदेशी पंजीयन अधिकारी, विकास अधिकारी पंचायत समिति बाड़मेर, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के उप निदेशक की ओर से शिविर संबंधित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई।

निवेश समिट तैयारी का निरीक्षण

पाली, (नि.सं.)। जिला कलेक्टर एलएन मंत्री ने राइजिंग राजस्थान के तहत मंगलवार को पाली के फालना में इन्वेस्टर मीट की तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। बुधवार को पालना में निवेश को आकर्षित करने के लिए आयोजित होने वाले इन्वेस्टर मीट की तैयारी का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि इसका आयोजन जिला प्रशासन एवं उद्योग केंद्र आदि के तत्वाधान में किया जा रहा है। निवेश समिट में जनप्रतिनिधि गण एवं प्रशासनिक अधिकारी एवं उद्योगपति हिस्सा लेंगे। इन्वेस्टर मीट में एक दिवसीय प्रदर्शनी 4 बजे से 8 बजे तक खुली रहेगी जिला उद्योग केंद्र महाप्रबंधक सैय्यद रजाक अली ने बताया कि निवेश समिट में एक दिवसीय प्रदर्शनी आमजन के लिए दोपहर 4 बजे से शाम 8 बजे तक खुली रहेगी। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर (सीलिंग) भवानी सिंह पंवार, बाली एडीएम, शैलेंद्र सिंह, उपखंड अधिकारी, दिनेश विश्नोई ,तहसीलदार जितेंद्र सिंह ,जिला उद्योग केंद्र महाप्रबंधक, सय्यद रज़ाक अली आदि मौजूद रहे।

जालोर में 9 हजार करोड़ के एम.ओ.यू.

जालोर, (कासं)। राज्य सरकार राजस्थान को एक विकसित राज्य बनाने के संकल्प से कार्य कर रही है। इसी दिशा में जयपुर में 9 से 11 दिसंबर तक राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट- 2024 होगा। इसके तहत जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट 28 अक्टूबर को होटल वतन रिसोर्ट बिशनगढ में आयोजित किया जाएगा। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने सोमवार शाम को ग्रेनाईट इंडस्ट्रीज असोसिएशन एवं लघु उद्योग भारती के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर उद्योगपतियों को गृह जिले में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया। बैठक में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट-2024 में ज्यादा से ज्यादा निवेश एवं एमओयू करने हेतु ग्रेनाईट इंडस्ट्रीज असोसिएशन एवं लघु उद्योग भारती के पदाधिकारियों से चर्चा कर प्रोत्साहित किया गया। जिले में अब तक 9 हजार करोड़ के एमओयू किए गए है। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक संग्रामराम देवासी, रिको उप प्रबंधक सुभाष गर्ग, दिनेश गोयल, कृष्णकांत जेथलिया, महेश मोर, रामोदर भुतंडा, तरूण अग्रवाल, हितेश सोलंकी उपस्थित रहे।

अवैध शराब का जखीरा बरामद किया

सायला, (निसं)। जालोर जिले के सायला पुलिस ने मंगलवार को अवैध शराब की 382 कार्टन अंग्रेजी शराब कीमत लगभग 23 लाख रूपये की जब्त कर शराब की तस्करी में प्रयुक्त ०1 डम्पर (हायवा) को भी जब्त किया। जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही व तस्करी की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत सायला थानाधिकारी महेन्द्रसिंह के नेतृत्व मे गठित टीम मय जाब्ता द्वारा मंगलवार को दोराने नाकाबन्दी जीवाणा में डम्पर में अवैध रूप से परिवहन की जा रही राजस्थान निर्मित अंग्रेजी शराब के कुल 382 कार्टन जब्त किए। जिसकी कीमत करीबन 23 लाख रूपये है। वही सहीराम पुत्र किशनलाल जाति विश्नोई निवासी पादरू पुलिस थाना सिवाना जिला बालोतरा एवं प्रदीप कुमार पुत्र मानाराम जाति विश्नोई उम्र 33 साल निवासी रामाणियों की ढाणी हाल धारणा पुलिस थाना सिवाना जिला बालोतरा को गिरफ्तार किया।

पांच प्रार्थना पत्रों पर राशि स्वीकृत

जालोर, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर की बैठक जिला एवं सेशन न्यायाधीश हारून की अध्यक्षता में हुई। पीडित प्रतिकर योजना के तहत प्राप्त 6 आवेदनों पर चर्चा कर पांच आवेदनों को स्वीकृत कर 8 लाख 50 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की। एक प्रार्थना आगे किया गया। इस दौरान आहोर मुख्यालय के विधिक सहायता योजना के तहत प्राप्त 6 आवेदन पत्रों में विधिक सहायता स्वीकृत की गई। बैठक के दौरान यूटीआरसी के प्रकरणों को लेकर भी चर्चा की गई। कलेक्टर प्रदीप के गवांडे, पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहसान अहमद, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रिया टांवरी, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण कुमार, लोक अभियोजक ओमप्रकाश व्यास, जेल उपाधीक्षक संपति बामणिया, एलएसीसी चीफ अजहरूद्दीन मौजूद रहे।

मंत्री खर्रा आज फालना दौरे पर

पाली, (नि.सं.)। जिला प्रभारी एवं नगरीय विकास व स्वायत्त शासन विभाग मंत्री झाबर सिंह खर्रा पाली जिले की दो दिवसीय यात्रा के तहत बुधवार को फालना आएंगे। खर्रा 23 अक्टूबर को प्रात: 5 बजे जयपुर से रवाना होकर सवेरे 10:40 बजे फालना पहुंचेंगे। वे फालना उद्योग मण्डल भवन में राइजिंग राजस्थान-ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत जिला इन्वेस्टर मीट में बतोर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। वे दोपहर 3:15 बजे फालना से रवाना होकर 4:30 बजे पाली पहुंचेंगे तथा रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में करेंगे। वे प्रात: 9 बजे पाली से ब्यावर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

भामाशाह ने मां सरस्वती मंदिर बनवाया

रेवदर, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पेरवा में भामाशाह हम्मीर माली ने मां सरस्वती का मंदिर बनवाया। मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा जयंतीलाल जोशी पेरवा ने की। प्रधानाचार्य राजपाल यादव ने बताया कि विद्यालय में प्रार्थना सभा के लिए मां सरस्वती के मंदिर की आवश्यकता थी। जिसको हमीर जी माली ने पूरा किया है। इस शुभ अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष प्रगाराम कोली, वार्ड पंच भूराराम जी, महेंद्र ,शिक्षक पूनमा राम, मगनलाल, गुप्ताराम, गणपत लाल ,वर्तमान जैन, बलवीर रूलानिया, सुनील गर्ग, गणेश कुमार कोली, भाणाराम, सुरेंद्र नायक आदि मौजूद रहे।

परिहार की स्मृति में काव्य गोष्ठी आज

जोधपुर, (कासं)। खुश दिलाने जोधपुर तथा अभिव्यक्ति संस्था जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में 23 अक्टूबर, बुधवार को स्वर्गीय दलपत परिहार (वरिष्ठ नाट्यय निर्देशक, साहित्यकार तथा पत्रकार) की 10 वीं (दसवीं) पुण्य स्मृति पर काव्य गोष्ठी का आयोजन सावित्री मदन डागा भवन नेहरू पार्क जोधपुर में शाम 5:00 बजे रखा गया। इसमें शहर के साहित्यकार तथा रंगकर्मी स्व दलपत परिहार की स्मृतियों को याद करते हुए अनुभवों को साझा करेंगे। साथ ही काव्य गोष्ठी का भी आयोजन होगा।

किसानों को फसल मुआवजा देने की मांग

रेवदर, (निसं)। गत दिनों हुई बैमोसम बारिश से क्षेत्र सहित जलि भर में किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री एससी मोर्चा के प्रकाश मेघवाल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर किसानों को आर्थिक मुआवजा देने की मांग की। पत्र में बताया कि बेमौसम हुई बारिश से गरीब कसिान वर्ग काफी आहत हुआ है, नष्ट हुई मूंगफली और अन्य फसलों की गिरदावरी कर उचित मुआवजा देने की मुख्यमंत्री से मांग की है।

ओम माथुर 25 को फालना आएंगे

पाली, (नि.सं.)। सिक्किम राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर पाली जिले की एक दिवसीय यात्रा कार्यक्रम के तहत 25 अक्टूबर को फालना आएंगे। निर्धारित यात्रा कार्यक्रमानुसार सिक्किम राज्यपाल माथुर 24 अक्टूबर को दिल्ली रेलवे स्टेशन से प्रस्थान करेंगे वे 25 अक्टूबर को सवेरे 4 बजे फालना पहुंचेंगे। वे प्रात: 10 बजे बेडल, फालना से रवाना होकर 11 बजे पाली रूप रजत विहार पहुंचेंगे। वे दोपहर 1:30 बजे पाली से रवाना होकर 2:30बजे बेडल फालना पहुंचेंगे, जहा वे रात्रि विश्राम करेंगे।`

आयुक्त सफाई देखने पहुंचे, गंदगी व कचरा दिखा

पाली में नगर निगम के नए आयुक्त नवीन भारद्वाज ने सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली, (नि.सं.)। पाली नगर निगम के नए आयुक्त नवीन भारद्वाज द्वारा मंगलवार अल सुबह नगर निगम के सामने, बांगड़ हॉस्पिटल के सामने, अहिंसा द्वार के पास, शिवाजी सर्किल, नहर रोड, ज्योतिबा फूले सर्किल नयागांव रोड आदि स्थानों पर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार साथ ही इस दौरान उन्होंने आम लोगों दुकानदारों आदि को डिस्पोजल सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग नहीं करने के बारे जागरूक किया। साथ ही गंदगी फैलाने पर चार 1100 के चालान काटे गए और शहर वासियों व दुकानदार को कचरा पात्र रखने की बात कही।

गंदगी का लेकर सफाई कर्मियों को रोजाना सफाई करने के आदेश दिए।

दुष्कर्म के आरोपी को बीस साल का कारावास

जालोर, (कासं)। पॉक्सो न्यायालय के विशिष्ट न्यायाधीश भूपेन्द्र कुमार सनाढ्य ने मंगलवार को नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी महेन्द्रसिंह को बीस साल के कारावास की सजा सुनाई।

पीड़िता के भाई ने पुलिस थाना में रिपोर्ट पेष कर बताया कि उसकी नाबालिग बहन महेन्द्र पुत्र जगदीष कुमार विश्नोई की मेडिकल की दुकान पर दवाई व सामान खरीदने जाती थी। करीब 6-7 महिने पूर्व बहन महेन्द्र की दुकान पर दवाई लेने गयी। उसने उसे बहला फुसलाकर दुकान के अंदर जबरन दुष्कर्म किया और विडियो बनाकर विडियो वायरल करने का डर बताकर बहन के साथ दो तीन बार दुष्कर्म किया। उसकी बहन ने महेन्द्र की दुकान पर जाना बंद कर दिया । महेन्द्र उसकी बहन पर गंदी नजर रखता था और उसके अकेली देखकर दुष्कर्म करने की नियत से जबरन उनके घर में घुसा व बहन के साथ जबरन बलात्कार करने लगा। उसकी बहन ने विरोध किया तो उसकी बहन के साथ मारपीट की। उसकी बहन के चिल्लाने पर उसकी चाची दौडकर आयी और उसने महेन्द्र से छुडाया। इसके बाद उसकी मॉ भी आ गई तथा महेन्द्र मौका देखकर भाग गया। उक्त रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी महेन्द्रसिंह को गिरफतार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा। पुलिस ने बाद अनुसंधान आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। पोक्सो न्यायालय के न्यायाधीश भूपेन्द्र कुमार सनाढय ने महेन्द्र सिंह को नाबालिग के साथ दुश्कर्म करने का दोषी मानते हुए बीस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। वही दस हजार रूपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया। सरकार की पैरवी विशिष्ट लोक अभियोजक रणजीतसिंह राजपुरोहित ने की।

सी.ई.टी. परीक्षा शुरू, छात्राओं के जेवर उतरवाए

जोधपुर, (कासं)। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से समान पात्रता परीक्षा (सीईटी) सीनियर सेकेंडरी लेवल का आयोजन आज से शुरू हो गया जो 24 अक्टूबर तक किया जाएगा। इन तीन दिन में यह परीक्षा 2 पारियों में यानि कुल 6 पारियों में आयोजित होगी।

पहली पारी सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पारी की परीक्षा दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक होगी। जोधपुर में इस परीक्षा के सफल संचालन के लिए कड़े बंदोबस्त किए गए। जोधपुर, जयपुर, अजमेर समेत प्रदेश के 28 जिलों में इस परीक्षा का आयोजन किया गया।

परीक्षा के पहले दिन मंगलवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों से अलग-अलग नजारे देखने को मिले। एंट्री के दौरान कड़ी सुरक्षा जांच और अन्य औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद स्टूडेंट्स को प्रवेश दिया गया।

महिला परीक्षार्थियों के गहने उतरवा दिए गए, तो कहीं पर पुरूष उम्मीदवारों को पूरी बांह की शर्ट होने पर प्रवेश नहीं दिया गया। परीक्षा के पहले दिन परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा के माकूल इंतजाम देखने को मिले। उम्मीदवारों को कड़ी चैकिंग से गुजरना पड़ा। यहां सुबह साढ़े सात बजे से परीक्षा केंद्र पर एंट्री दी गई।

इससे पहले उम्मीदवारों की कड़ी चैकिंग की गई। यहां परीक्षा केंद्रों पर महिलाओं को कान के कुंडल, मंगलसूत्र, बालों की क्लीप सहित सभी धातु की वस्तुएं बाहर रखवाकर प्रवेश दिया गया।

इसी तरह पुरूष उम्मीदवारों को पूरी बांह की शर्ट, कलाया उतरवाकर प्रवेश दिया गया।

खाद्य पदार्थों के नमूने लिए

जैसलमेर, (नि.सं.)। त्योहारी सीजन देखते हुए राजस्थान के सभी जिलों में निरीक्षण एवं सैंपलिंग का विशेष अभियान चलाया गया है। जिसके तहत अभिहित अधिकारी डॉ. बी.एल. बुनकर के मार्गदर्शन में जैसलमेर जिले में खाद्य सुरक्षा अधिकारी किशना राम कड़वासरा ने मंगलवार को रामगढ़ क्षेत्र में निरीक्षण एवं सैंपलिंग की कार्रवाई की। जिसमें मिठाइयों के 9 सैंपल लिए गए। निरीक्षण के दौरान लगभग 15 किलो खाद्य सामग्री नष्ट कराई गई।

जिला कारागृह का निरीक्षण

जालोर में जिला कारागृह का निरीक्षण विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष सशन न्यायाधीश हारून ने किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून ने स्थनीय जिला कारागृह का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने विधिक सेवा क्लिनिक में सामान अस्त व्यस्त पाए जाने पर नाराजगी जताई और उपाधीक्षक संपति बामणिया को सामान व्यवस्थित रूप से रखवाने एवं नियमित साफ सफाई करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कारागृह के रजिस्टरों का भी निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बंदियों से वार्तालाप कर कारागृह में मिलने वाली सुविधाओं एवं भोजन के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने भोजन की गुणवत्ता भी देखी और निर्देश दिए कि भोजन की गुणवत्ता बनाए रखे। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे बंदी जिनकी पैरवी के लिए कोई अधिवक्ता नियुक्त नहीं हो उनको नि:शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध करवाने के लिए आवेदन पत्र भरकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में यथा शीघ्र भिजवाया जावे। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहसान अहमद भी मौजूद रहे।

सार-समाचार

'माता-पिता एवं बड़ों का सम्मान करें'

बालोतरा, (निसं)। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार समृद्ध राष्ट्र योजना के अंतर्गत संस्कार शाला की वर्कशॉप का चौथा एवं पांचवा चरण अक्टूबर माह में तेरापंथ महिला मंडल बालोतरा द्वारा राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय इंदिरा गांधी नगर, बालोतरा में किया गया। महिला मंडल मंत्री रेखा बालड ने बताया कि सर्वप्रथम महिला मंडल अध्यक्षा निर्मला देवी संकलेचा के द्वारा जय जिनेंद्र से बच्चों का अभिवादन करते हुए नमस्कार महामंत्र से कार्यशाला का प्रारंभ किया गया। बच्चों को नमस्कार महामंत्र के प्रभाव एवं चमत्कार के बारे में भी कहानी के माध्यम से समझाया गया। कार्यक्रम में लगभग 160 बच्चे उपस्थित हुए। कार्यशाला प्रारूप के अनुसार सह मंत्री रेखा भण्डारी द्वारा महाप्राण ध्वनि का नौ बार प्रयोग करवाया गया व उसके लाभ भी बताए गए । कोषाध्यक्ष पुष्पा जी सालेचा ने बच्चों को बताया कि हमें अपने माता-पिता एवं बडों के सम्मान करना चाहिए एवं श्रवण कुमार की कहानी के माध्यम से बच्चों को प्रेरणा दी। उपाध्यक्ष चंद्रा बालड ने दूसरी कार्यशाला में सत्य एवं ईमानदारी के बारे में अच्छे विचार कहानी के माध्यम से व्यक्त किये एवं विद्यालय के बच्चों द्वारा भी माता-पिता एवं बडों के सम्मान और सत्य एवं ईमानदारी के विषय पर स्वयं तैयारी करके बहुत ही अच्छे विचार व्यक्त किए और बच्चों से प्रश्न उत्तर भी पूछे गए। विद्यालय के प्रिंसिपल समयसिंह जी गुर्जर ने भी अपने विचार व्यक्त किये और अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल का धन्यवाद व्यक्त किया।बहुत ही सुंदर ढंग से बच्चों को पॉजिटिव अफर्मेशन के साथ कार्यशाला का समापन करवाया गया। प्रश्न उत्तर के जवाब देने वाले एवं प्रस्तुति देने वाले सभी बच्चों को भी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन महिला मंडल मंत्री रेखा बालड ने किया और आभार व्यक्त निवर्तमान अध्यक्ष अयोध्या देवी ओस्तवाल ने किया।

शैक्षिक सम्मेलन 25 व 26 को

पाली, (नि.सं.)। राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत पाली के जिला महामंत्री विरेन्द्र व्यास ने बताया कि दिनांक 25 तथा 26 अक्टूबर को शिक्षकों का दो दिवसीय जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आवासन मंडल पाली में रखा गया है। सम्मेलन की पूर्व तैयारी हेतु प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष व अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के जिला अध्यक्ष जयनारायण कडेचा की अध्यक्षता में पाली जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन पाली ब्लांक अध्यक्ष दाऊसिंह चौहान के ब्लांक कार्यालय में रखी गई। जिसमें सभी पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने तथा छात्र हितों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष ललित देव शर्मा,विक्रम सिंह पंवार, ललित पुरी , भगवान दास बाबाणी,गजेन्द्र पुरोहित, नेमीचंद पालीवाल,लक्ष्मण कुमावत , मौहम्मद असलम, प्रदीप शर्मा, नीता आसवानी,पंकज चौहान, मौहम्मद रमजान, मौहम्मद आसिफ, भीमाराम ने भी अपने विचार रखे।दो दिवसीय शिक्षक शैक्षिक सम्मेलन में जिले के शिक्षाविदों द्वारा शैक्षिक नवाचारों द्वारा नवीन शैक्षिक विधाओ की तकनीकी का प्रयोग कर छात्रों का सर्वांगीण विकास करना,खेल-खेल में नवाचारों का उपयोग करना, शिक्षा में गुणात्मक सुधार, शिक्षकों की विभिन्न मांगो व समस्याओं पर चर्चा कर आगामी रणनीति तैयार की जाएगी। सम्मेलन की तैयारी हेतु सोजत क्षेत्र में नरेंद्र मेवाडा, राकेश ओझा, मारवाड़ जंक्शन में गजेन्द्र सिंह राजपुरोहित,सम्पतलाल वैष्णव ,बाली में श्रवण सिंह, सुमेरपुर में पंकज दवे, रानी में रमेश कुमार परमार रोहट में हिम्मत सिंह तथा नारायणलाल आसेरी, चन्दन सिंह, महेंद्र कुमार बामणिया, नेमीचंद मेगवाल, सुरेश जलवानियां आदि शिक्षक सम्मेलन की तैयारी कर रहे हैं।

कॉलेज में कई प्रतियोगिताएं हुई

जालोर, (कासं)। वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जालोर में मंगलवार को महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में पोस्टर, मेंहदी एवं निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी क अनुसार महिला प्रकोष्ठ प्रभारी कृष्णा देवल ने बताया कि पोस्टर प्रतियोगिता का विषय व्यक्तिगत स्वच्छता एवं आत्मरक्षा था जिसमें निकिता वैष्णव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता (कन्या भ्रण हत्या रोकने में युवाओं की भूमिका) में सुमित्रा कुमारी ने प्रथम स्थान पर रही। जबकी मेहंदी प्रतियोगिता में निकिता राजपुरोहित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में मनीष अखावत, विमल कुमार खत्री एवं राजल मिश्रा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्राचार्य अर्जुन सिंह उज्ज्वल ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जीवन में विभिन्न कलाओं को सीखकर हम अपने व्यक्तित्व को बहुआयामी बना सकते है।

पुलिस ने नशा मुक्ति रैली निकाली

जोधपुर, (कासं)। कमिश्नरेट की तरफ से नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत पुलिस आयुक्तालय जोधपुर से नशा मुक्ति जागरूकता वाहन रैली निकाली गई। प्राप्त जानकारी क अनुसार रैली को पुलिस आयुक्त राजेंद्र सिंह एवं वरिष्ठजनों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया जो रोटरी चौराहा, मेडिकल चौराहा, शास्त्री सर्कल, श्रीराम अस्पताल के सामने से शास्त्रीनगर थाना मोड पर पहुंची। यहां शास्त्रीनगर थाने के सामने आमिर खान इवेंट्स कंपनी द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसके बाद रैली घड़ी चौराहा, चीरघर मोड, आखलिया चौराया, बॉम्बे मोटर चौराहा, पांचवी रोड, जालोरी गेट, से नई सडक चौराहा से पावटा चौराहा पहुंची। यहां पावटा चौराहे पर नमन नशा मुक्ति केंद्र द्वारा कार्यक्रम किया गया। रैली सर्किट हाउस तिराहा, रातानाडा चौराहा, पांचबत्ती चौराहा, अरोड़ा सर्कल, भैरूजी चौराहा, रोटरी चौराहा से वापस पुलिस आयुक्त कार्यालय पहुंचकर संपन्न हुई।